संख्याः जी–2–701(2)/दस–2010–301/85टी0सी0

प्रेषक,

अनूप मिश्र,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 26 अगस्त, 2010

विषयः **सीजनल पूर्णकालिक निम्न श्रेणी के कर्मचारियों (पंखा मजदूर आदि) की परिलब्धियों में वृद्धि।**

महोदय,

सीजनल पूर्णकालिक निम्न श्रेणी के कर्मचारियों (पंखा मजदूर आदि) की परिलब्धियों में वृद्धि विषयक कार्यालय-ज्ञाप संख्या–जी–2–1013/दस–2001–301–85, दिनांक 08 जून, 2001 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय उक्त कर्मचारियों की कुल परिलब्धियाँ रू0 1710.00 प्रतिमाह से बढ़ाकर रू0 3500.00 प्रतिमाह निर्धारित किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त बढ़ी हुई दरें इस आदेश के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होंगी।

भवदीय,

अनूप मिश्र
प्रमुख सचिव

संख्या–जी–2–701(3)/दस–2010–301/85टी0सी, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार, प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– विधान सभा एवं विधान परिषद् सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3– सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0।
4– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
5– प्रभारी निकनेट सेल, वित्त विभाग, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ।
6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सरयू प्रसाद मिश्र)
उप सचिव